हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री





## सेमरियाघाट पुल मरम्मत लगभग पूर्ण, 14 अगस्त से खोला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सेमरियाघाट शिवनाथ नदी का पुल काफी जर्जर हो गया था। नदी पर बने पुल पर गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी के साथ-साथ खतरा भी बना रहता था।

जर्जर पुल की स्थिति को देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुल का मरम्मत का कार्य शुरु कराया गया। आरसीसी सीमेंट की सडक का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी के एसडीओ संदीप चौबे के मार्गदर्शन में व सूर्या तिवारी गोलू की देख रेख पुल में कराया गया, जिसे भारी वाहनों के आवागमन के लिए 14 अगस्त से खोला जायेगा। विभाग के अनुसार पुल का मरम्मत कार्य मजबूती से कराया गया है, जो सालों खराब होने की गुंजाइश नहीं है। पुल के ऊपर बाढ़ का भी असर नहीं होगा। ज्ञात हो कि पुल मरम्मत कार्य होने के चलते इस मार्ग पर हैवी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की गयी थी, जो अब 14 तारीख से आवागमन के लिए खोला जायेगा।

### खबर संक्षेप

## अलग-अलग स्थानों से 235 पौवा शराब जब्त



**बलौदाबाजार**। आबकारी विभाग की टीम द्वारा पलारी क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में 23500 रुपए के 235 पाव देशी मदिरा जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम दतान में आरोपी सागर यादव एवं अजय ध्रुव को स्वयं के स्कूटी से 200 नग देशी मदिरा मसाला,बाजार मूल्य 20000 को अवैध परिवहन करते हुये पकड़ा गया। वहीं दो अन्य आरोपी थानू राम वर्मा से 15 पौवा देशी मदिरा मसाला एवं पीताम्बर वर्मा से 20 पौवा देशी मदिरा मसाला जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (ख) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित समस्त मदिरा दुकानों से ग्राहकों को सही दर पर मदिरा प्राप्त हो सके इसे सुनिश्चित करने हेतु दुकानों का जांच अभियान भी चलाया गया। रोहांसी स्थित मदिरा दुकान में स्थानीय जनप्रतिनिधि से प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये अधिक दर पर शराब बिक्री करने वाले कर्मचारी के विरूद्ध प्रकरण कायम किया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### जल्द मिलेगी घर-घर पीएनजी रसोई गैस की सुविधा

# जिले में महानगरों की तर्ज पर बिछेगी गैस की पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ कलेक्टर ने बेहतर समन्वय से कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश



महानगरों की तर्ज पर अब जिले के निवासियों को रसोई गैस सिलेंडरों के झंझट से मुक्ति मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है।

आने वाले दिनों में जिलेवासियों को सीधे पाइपलाइन के जरिए सुरक्षित और निर्बाध प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति मिलेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति को लेकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय में एचसीजी रायपुर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करें और निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करें, ताकि आम नागरिकों को जल्द से जल्द इस आधुनिक सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने में गड्ढा खोदने के लिये लोक निर्माण विभाग या अन्य विभाग अथवा पंचायत से एनओसी की जरुरत होने पर शीघ्र जारी किया जाए। प्रोजेक्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने कार्य रायपुर से शुरू कर दिया गया है, जो जिले के सिमगा तक पहुंच गया है। वर्तमान में विकासखण्ड सिमगा के ग्राम केसदा में काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि पीएनजी का कनेक्शन पाइप लाइन के आस पास के औद्योगिक प्रतिष्ठान, स्कूल, अस्पताल व शहरों में दिया जाएगा। पाइप लाइन घर ▶▶ शेष पेज 12 पर

## विधायक संदीप साहू की शिकायत पर आबकारी उपनिरीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ रोहांसी शराब दुकान में ओवररेट वसूली मामले में शासन की बड़ी कार्रवाई, लापरवाही पर गिरी गाज

रोहांसी शराब दुकान में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बिक्री के मामले में कसडोल विधायक संदीप साहू की शिकायत का बड़ा असर देखने को मिला है। विधायक के हस्तक्षेप के बाद शुरू हुई जांच में प्रथम जांच को अपूर्ण और लापरवाहीपूर्ण पाए जाने पर शासन ने आबकारी उपनिरीक्षक पी. माधव राव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

गौरतलब है कि 4 अगस्त को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था कि नगर पंचायत रोहांसी के दौरे पर जा रहे विधायक संदीप साहू को ग्रामीणों ने रास्ते में रोककर शराब दुकान में ओवररेट वसूली की शिकायत की थी। विधायक स्वयं दुकान पहुंचे और निरीक्षण में निर्धारित मूल्य से 10 से 20 रुपये अधिक वसूली की शिकायत सही पाए जाने पर मौके से ही आबकारी अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। शासन द्वारा जारी निलंबन आदेश में उल्लेख है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि की शिकायत पर आबकारी उपनिरीक्षक पी. माधव राव को जांच सौंपी गई थी, लेकिन उन्होंने मूल शिकायत के अनुरूप कार्रवाई नहीं की। बाद में दो सहायक जिला आबकारी अधिकारियों की दोबारा जांच में प्रथम जांच में गंभीर लापरवाही तथा दुकान के सीसीटीवी ▶▶ शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर ने चार आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**बलौदाबाजार**। जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर 4 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना सिमगा अंतर्गत ग्राम लिमतरा निवासी राकेश डहरे उर्फ मंगलू पिता संतु डहरे, थाना गिधपुरी अंतर्गत ग्राम गाडाकुसमी के मदन ओगरे पिता विजय शंकर ओगरे,हड़हापारा कसडोल के रामकुमार साहु पिता सखा राम साहु एवं वार्ड क्रमांक 3 नगर पंचायत लवन के पवन कुर्रे पिता कमल कुर्रे को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख) के ▶▶ शेष पेज 12 पर

## अंबुजा प्लांट में सुरक्षा गार्ड पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार**। ग्राम रवान स्थित अंबुजा प्लांट में चोरी की नीयत से घुसे एक युवक द्वारा सुरक्षा गार्ड पर लोहे के एंगल से जानलेवा हमला किया गया। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिंकेश देवार 31 पिता मुन्ना देवार, निवासी देवार पारा, कवर्धा एवं वर्तमान निवासी ग्राम रवान को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम रवान स्थित अंबुजा प्लांट में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत गौतम तिवारी 28 ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 अगस्त को सुबह करीब 11 बजे वह अपने साथी आहूजा साहू के साथ ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान पिंकेश देवार प्लांट परिसर में कथित रूप से चोरी की नीयत से घुस गया। रोकने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पास में पड़े लोहे के एंगल से गार्ड के सिर पर हमला कर दिया। बचाव के दौरान एंगल उसके हाथ में लगने से वह घायल हो गया। साथी सुरक्षा गार्ड के बीच-बचाव के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर सिटी कोतवाली थाना में विभिन्नधाराओं के तहत मामला कायम किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से लोहे का एंगल जब्त किया और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



## खबर संक्षेप

### बलौदी में 40 छात्राओं को बांटी गई साइकिलें



**पलारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदी में 40 छात्राओं को सायकिल का वितरण किया गया। बलौदी, बोईरडीह, खपरी के छात्राओं से सायकल मिलने से चेहरे पर मुस्कान देखा गया। विद्यालय में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेश कश्यप, उपाध्यक्ष आशादेवी, जनपद सदस्य लता बघेल, सदस्य तुलसी राम साहू, रामसागर कश्यप, डगेश्वर देवांगन, भुनेश्वर चेलक, द्रोपती कन्नौजे, हेमीन साहू, प्राचार्य दिनेश कुमार साहू, शिक्षकगण देवानंद पटेल, दीपिका तिर्की, सरोज साहू, भुनेश्वरी टंडन, सुधा देवी कन्नौजे, हरीश कुमार साहू, संजय कुमार डांडेकर बड़ी संख्या में शामिल हुए। अध्यक्ष नरेश कश्यप ने छात्राओं की पढ़ाई लिखाई के प्रति रुझान के खुशी जाहिर किया एवं तुलसी राम साहू ने कहा बालिकाओं को स्कूल तक आने जाने में सुविधा से सरकार की इस पहल से खुशी व्यक्त की।स्कूल के प्राचार्य दिनेश कुमार साहू ने सभी छात्राओं को नियमित एवं समय पर स्कूल आने हेतु निर्देशित किया।समिति के सदस्यों द्वारा पौधरोपण 15 अगस्त तक करने पर जोर दिया गया।

### मिनीमाता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा 11 को



**गिधौरी।** अखिल भारतीय सतनामी महासभा द्वारा प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर 11 अगस्त को दोपहर 12 से 3 बजे तक गिरौदपुरी धाम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। महासभा के पदाधिकारियों ने रायपुर में जगत गुरु गोसाई रुद्र कुमार से भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के संत-महात्मा, सामाजिक पदाधिकारी एवं श्रद्धालु शामिल होकर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर समाजसेवा एवं धार्मिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

### रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी बने डोमार

**भवानीपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ ने डोमार साहू को



रायपुर संभाग का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इससे पूर्व वे संयुक्त सचिव एवं उपाध्यक्ष के रूप में संगठन की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। नियुक्ति पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पिंटू साहू तथा संभाग अध्यक्ष मनीष साहू का आभार व्यक्त किया। डोमार साहू ने कहा कि युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर एक सशक्त, जागरूक और संगठित समाज का निर्माण करना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा।

# कपास की खेती की ओर बढ़े भाटापारा जिले के किसान

## अब तक 25 हेक्टेयर में हुई कपास की बोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को धान के बदले अन्य फसल की खेती के लिये लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा, जिसका सकारात्मक परिणाम आने लगा है। भाटापारा विकासखण्ड में कृषि विभाग के प्रयासों से अब किसान पारंपरिक धान की जगह नकदी फसल कपास की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। अब तक 25 हेक्टेयर से अधिक रकबे में कपास की बुवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड के ग्राम गुड़ेलिया, कोनी, बिटकुली, तुरमा तथा अवरेठी में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के प्रयास और प्रेरणा से किसानों द्वारा 25 हेक्टेयर से अधिक रकबे में कपास की उन्नत खेती की जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भाटापारा विकासखण्ड में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे और गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसान कम पानी और कम लागत वाली फसलों को अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकें।

बताया गया कि गिरते भूजल स्तर को सुधारने और मिट्टी के सेहत को बचाने के लिए, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। धान के मुकाबले कपास की फसल को लगभग 70 प्रतिशत तक कम पानी की आवश्यकता होती है।



**कपास उगाने से मिट्टी की बनी रहती उर्वरता**

साथ ही लगातार एक ही फसल उगाने से मिट्टी के पोषक तत्व खत्म होते हैं जबकि कपास उगाने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है तथा कीट एवं व्याधियों का प्रभाव भी कम होता है। कृषक उन्नति योजना के तहत शासन द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहन के रूप में धान के स्थान पर अन्य फसल अपनाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15000 रुपये एवं धान के अलावा अन्य फसल लगाने पर 10000 रुपये की आदान सहायता प्रदान की जाएगी। इस राशि का उपयोग किसान भाई बीज, खाद और कीटनाशक जैसी जरूरी कृषि आदानों पर खर्च कर सकते हैं।

# कांग्रेस आज से शहर में स्मार्ट मीटर के विरुद्ध चलाएगी जन जागरण अभियान

## विधायक इन्द्र साव बोले-बड़े बकायादारों और शासकीय सेक्टरों से सरकार पहले करे वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा की बैठक हुई। बढ़े हुए बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में फार्म भरने का जन अभियान जारी किया गया है। इसके क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार करने हेतु 5 अगस्त को बैठक आहूत की गई। बैठक में झीरम घाटी के शहीद बस्तर टाइगर स्व. महेंद्र कर्माजी की जयंती पर कांग्रेसजनों द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार स्मार्ट मीटर के जरिये गरीब, मध्यम वर्ग के लोगों पर अनाप शनाप बिल भेज का परेशान कर रही है। विभाग के अधिकारी बड़े बकायादारों, शासकीय सेक्टरों से वसूली ना कर पी एम सूर्य घर योजना के प्रचार प्रसार में लगी है। विधायक ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर जनहित के विषय को ध्यानाकर्षण में लगाया था और उसके जवाब



में प्रदेश के मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री ने लिखित में जवाब देते हुए स्वीकार किया कि आज प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में 3117 करोड़ से ज्यादा की राशि और गैर शासकीय कनेक्शन से लगभग 2736 करोड़ से ज्यादा की राशि बाकी है। विधायक ने कहा कि इतनी मोटी रकम वसूली के अपेक्षा विभागीय अधिकारी शासकीय सेक्टर से मात्र 249 करोड़ की राशि प्राप्त कर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

विधायक साव ने मीडिया में आई खबर के बाद प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 771 करोड़, नगरीय निकाय के ऊपर 1589 करोड़,स्कूल शिक्षा विभाग पर 87 करोड़,ग्रह विभाग के ऊपर 41 करोड़ से ज्यादा का बकाया है,उस ओर विद्युत विभाग वसूली नहीं कर रहा है और तो और बड़े अधिकारियों रसूखदारों पर जिनका 1 लाख से ज्यादा बकाया है, उन पर 1300 करोड़ बकाया है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार इन बकाया पर वसूली करती तो ना तो बिजली दर में वृद्धि करनी पड़ती और ना ही इतना अतिशेष दिखता। बैठक के दौरान विधायक साव ने बस्तर टाइगर स्वर्गीय महेंद्र कर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक को सतीश अग्रवाल सुशील शर्मा शहर कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र नवरत्न आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, अजीत बाजपेयी, अजय ठाकुर, डॉ. बसंत भृगु, चंद्रशेखर चक्रधारी ने संबोधित किया। बैठक में ईश्वर सिंग ठाकुर, गौरी भृगु बिमलेश्वरी ध्रुव संतोष यादव नानू सोनी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस की हुंकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला द्वारा स्थानीय सामुदायिक भवन में स्मार्ट मीटर के विरोध में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजित बाजपेई ने की। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खि ला फ जोरदार विरोध दर्ज कराते हुए स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने बिजली मीटर पुनः लगाए जाने तथा कांग्रेस सरकार के समय की 400 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना को फिर से लागू करने की मांग उठाई गई।

- घर-घर जाकर भरवाए जाएंगे फॉर्म, बिजली बिलों की जुटाई जाएगी प्रतियां

ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी अजीत बाजपेयी ने कहा कि स्मार्ट मीटर आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला निर्णय है। कांग्रेस जनता के बीच जाकर प्रत्येक उपभोक्ता की समस्या दर्ज करेगी तथा सरकार को जनभावनाओं से अवगत कराएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर अभियान चलाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक जनकराम वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद आम उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिससे गरीब, किसान और मध्यमवर्गीय परिवार परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की आतंक से सभी डरे हुए है । कांग्रेस जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से निर्धारित प्रपत्र भरवाएंगे तथा बिजली बिलों की प्रतियां एकत्र करेंगे। इन दस्तावेजों के आधार पर व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर स्मार्ट मीटर हटाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

सभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री सीमा वर्मा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अयाज अहमद फारूखी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा सुरेंद्र सिंह ठाकुर तथा बसंत आडिल ने भी संबोधित किया।

बैठक में मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा, पारस निर्मलकर, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री राम सुधार जांगड़े, जितेंद्र वर्मा, हेमलाल पाटरे, मकसूदन साहू, शकुंतला बाघमार, उर्मिला ध्रुव, अंजली, बलराम वर्मा, प्रदीप निर्मलकर हरिचंद ध्रुव पूर्व सरपंच, उमेश खरे,सेवक राम साहू पूर्व सरपंच, विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर विरोधी अभियान तेज करेगी कांग्रेस

**बलौदाबाजा।** शहर कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्मार्ट मीटर के विरोध में चलाए जा रहे जनसमर्थन अभियान की समीक्षा करते हुए इसे वार्ड एवं बूथ स्तर तक अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति बनाई गई।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस की भूमिका को सशक्त करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। साथ ही स्मार्ट मीटर के विरोध में चल रहे जनसमर्थन प्रपत्र अभियान को प्रत्येक वार्ड और बूथ तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को



जोड़ने का निर्णय लिया गया। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनआंदोलनों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. महेंद्र कर्मा की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साहस, संघर्ष और जनसेवा को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। बैठक में पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यदु, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष दीपक साहू, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी, संदीप पांडे, शहर उपाध्यक्ष लता साहू, शहर महामंत्री मोहन साहू, शहर कोषाध्यक्ष गेवेंद्र साहू, पूर्व एल्डरमैन सुखदेव साहू, उपाध्यक्ष दिगंबर प्रसाद साहू, मंडल अध्यक्ष पंकज मारईया, पार्षद सुभाष राव, गोविंद पात्रे, सुरेश घृतलहरे सहित शहर कांग्रेस के पार्षद, छाया पार्षद, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूलों में पुलिस ने पढ़ाया यातायात सुरक्षा का पाठ

**बलौदाबाजार।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में बुधवार को सर्वा, मनोहरा, मल्दा तथा गुरुकुल स्कूल, भाटापारा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में



सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही ट्रिपल राइडिंग, स्टंटबाजी, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने और यातायात संकेतों की अनदेखी से होने वाले जोखिमों के बारे में भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को ई-चालान व्यवस्था एवं शहर में लगे सिटी सर्विलांस कैमरों के माध्यम से हो रही निगरानी की भी जानकारी दी गई। इसके अलावा नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उनसे नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की गई।

कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि पीएम राहत योजना के तहत गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। वहीं राहवीर योजना के अंतर्गत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है। इसके अलावा हिट एंड रन योजना के तहत अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत्यु होने पर परिजनों को दो लाख रुपये तथा घायल होने पर 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

# 5 जुआरी गिरफ्तार,दृष्टि हेल्पलाइन की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई

**कसडोल।** जिले में पुलिस की दृष्टि हेल्पलाइन लगातार प्रभावी साबित हो रही है। इसी हेल्पलाइन पर मिली सूचना के आधार पर कसडोल थाना पुलिस ने ग्राम छरछेद में दबिश देकर जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।जिसमें राजेन्द्र कुमार कैवर्त्य 41 वर्ष, निवासी छरछेद, नरेन्द्र यादव 19, निवासी छरछेद, रामकुमार कैवर्त्य 35, निवासी छरछेद, रोहित कुमार कैवर्त्य 35, निवासी छरछेद, धर्मेन्द्र लहरे 37 वर्ष निवासी छरछेद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 4 अगस्त को दृष्टि हेल्पलाइन में सूचना



प्राप्त होने पर थाना कसडोल की टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम छरछेद में दो अलग-अलग स्थानों पर जुआ खेल रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के कब्जे से 1,880 रुपये नकद और 52 पत्ती ताश जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 तथा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में संचालित दृष्टि हेल्पलाइन का उद्देश्य आमजन की शिकायतों और आपराधिक गतिविधियों की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करना है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना दृष्टि हेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से दें।

# शहर की होटलों में साफ-सफाई की गुणवत्ता जांचने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

जिस होटल रेस्टोरेंट मे नाश्ता या खाना खा रहे हैं, उसमें कितनी साफ सफाई है, रसोई की क्या स्थिति है, कितना साफ रखा जा रहा है, यह कोई नहीं जानता। क्योंकि जागरूकता के तहत यह जरूरी है, क्योंकि दवाई हो या फिर कोई और चीज लेते हैं तो उसकी तो एक्सपायरी की जांच करना जरूरी होता है। भाटापारा शहर में छोटे बडे होटलों की संख्या करीब 100 से अधिक है। वहीं करीब 10 से अधिक ऐसी होटलें है, जहां लोग ज्यादा खाना खाने जाते हैं। खाद्य एवं औषधि विभाग का आफिस बलौदाबाजार में है और वे कब शहर की होटलों की जांच करते हैं या उनका क्या मापदण्ड है, यह तय नहीं है। इन होटलों में व अन्य जगह कार्रवाई नहीं होने से भय भी नहीं रहता। इसके साथ ही होटलों के अलावा 100 से अधिक ठेला व गुमटी में चाट गुपचुप व अन्य सामग्री बनायी व बेची जाती है। खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमतों के चलते क्वालिटी का ध्यान रखा जाता है या नहीं इसके बारे में भी कुछ नहीं कहा जा सकता। वहीं अगस्त का महीना शुरू हो गया और त्योहारों का सीजन भी शुरू हो गया है। रक्षा बंधन के साथ तीज त्योहार शुरू हो चुके है। खाद्य पदार्थ की क्वालिटी और उनकी गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं है। कई होटलों में तो जिस कढ़ाई में या बरतन में खाद्य सामग्री बनती है, उसकी नियमित सफाई होती है या नहीं इस पर भी प्रश्न चिन्ह है। पानी की टंकी सफाई कब हुई है, इसकी भी पडताल आवश्यक है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एसडीएम श्यामा पटेल ने कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है कि ग्राहक तो विश्वास के साथ होटल में जाकर खाता है, उन्हें जो खाना या नाश्ता दिया जा रहा है, वह किस गुणवत्ता का है। इसकी जांच आवश्यक है। पटेल ने यह भी कहा कि इस संबंध में खाद्य औषधि विभाग को कहा गया है सभी होटल अन्य स्थानों की निरंतर जांच होनी चाहिए।

- त्योहारों की शुरुआत के बावजूद सुस्त पड़ा जांच अभियान

विदित हो कि बीते एक पखवाड़े से सभी प्रकार के खाद्य सामग्री तेल आदि के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। खुले बाजार में चना दाल 90 रूपये किलो और बेसन 95 से 100 रूपये किलो हो गया है। वहीं राहर, उडद, मूंग, सभी दाल शतक के पार जा चुके है। कीमतों में वृद्धि के चलते अब दुकानदार भी यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि वृद्धि कहां तक जायेगी यह कहा नहीं जा सकता।

# चेक बाउंस के दोषी को 6 माह का साधारण कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बलौदाबाजार की अदालत ने चेक बाउंस के एक प्रकरण में आरोपी सीताराम सोनवानी को दोषी ठहराते हुए छह माह के साधारण कारावास तथा पांच लाख क्षतिपूर्ति की सजा सुनाई है। यह निर्णय 22 जुलाई को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सारिका नंदे की अदालत ने सुनाया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत परिवाद के अनुसार चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा बलौदाबाजार ने आरोपी को वाहन ऋण प्रदान किया था। ऋण की आंशिक अदायगी के लिए आरोपी ने 28 नवंबर 2017 को 4,75,734 रुपये का चेक जारी किया, लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर 5 फरवरी 2018 को खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण चेक अनादरित हो गया। इसके बाद कंपनी ने वैधानिक नोटिस भेजा, किंतु निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किए जाने पर न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि आरोपी चेक जारी करने और उस पर हस्ताक्षर संबंधी विधिक उपधारणा का खंडन करने में असफल रहा। साथ ही, ऋण का पूर्ण भुगतान किए जाने संबंधी उसके दावे के समर्थन में कोई विश्वसनीय साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं किया गया। न्यायालय ने माना कि परिवादी ने धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के सभी आवश्यक तथ्यों को प्रमाणित कर दिया है। दोषसिद्धि के बाद न्यायालय ने आरोपी को छह माह के साधारण कारावास और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357(3) के तहत पांच लाख रुपये प्रतिकर अदा करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिकर राशि अपील अवधि समाप्त होने के बाद परिवादी को देय होगी। आदेश का पालन नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त पांच माह का साधारण कारावास भुगतना होगा।

## पेज 11 का शेष

### जिले में महानगरों...

के सामने से गुजरेगी जिसमें बीच-बीच में कनेक्शन बॉक्स रहेगा जहां से घर के रसोई तक कनेक्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीएनजी बहुत ही सुरक्षित है जिसमें ब्लास्ट होने की कोई खतरा नहीं होता, मीटर के अनुसार बिल का भुगतान करना होगा। सुरक्षित और किफायती होगी आपूर्ति- पाइपलाइन गैस सेवा शुरू होने से आम जनता को समय पर सिलेंडर रिफिलिंग की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही यह सुविधा आर्थिक रूप से किफायती और पर्यावरण व सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी बेहद अनुकूल साबित होगी। बैठक में एचसीजी के प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिले में मुख्य नेटवर्क और घरेलू कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### कलेक्टर ने चार आदतन...

तहत किया गया है, जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

### विधायक संदीप साहू की...

रिकॉर्डिंग में भी त्रुटियां मिलीं। साथ ही सीसीटीवी खराब होने की जानकारी जिला कार्यालय को नहीं देने को भी गंभीर कर्तव्यहीनता माना गया। इन तथ्यों के आधार पर शासन ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत पी. माधव राव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता, रायपुर निर्धारित किया गया है। विधायक संदीप साहू ने कहा कि आम उपभोक्ताओं से ओवररेट वसूली किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर जनता के हितों की रक्षा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### हजारीलाल की पुण्य तिथि मनाई गई

**भाटापारा।** समाजसेवी स्व.हजारीलाल छाबड़िया की 4 अगस्त को उनकी पुण्यतिथी पर समस्त सिंधी समाज, सिंधु सेवा समिति एवं भाजपा प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, इंदरलाल थारानी, सुदामा मंधान, भीषम गुरयानी, चन्द्रपाल बागवानी, कैलाश बालानी, रूपेश किंगरानी, रूपेश माखिजा,अजित थारानी, गोपी पारप्यानी,नरेश आर्य, नंदलाल तनवानी,सुरेश वाधवानी, महेश चंदानी, अशोक किंगरानी, दिनेश सचदेव,जगदीश लालवानी, कमल धर्मानी,आकाश वासवानी, शंकर ठाकुर, विशाल बजाज आदि मौजूद थे।

### शाश्वत स्कूल के बच्चों ने सैनिकों के लिए बनाई राखियां



**बलौदाबाजार।** रक्षाबंधन पर शाश्वत लिटिल स्टार स्कूल, के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और भाईचारे का प्रेरणादायी संदेश दिया। विद्यालय के नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए अपने हाथों से आकर्षक राखियां तैयार कीं। विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों, मोतियों, कुमकुम और रंगीन धागों से राखियां सजाईं तथा उन पर /"जय हिंद/", /"वंदे मातरम/" और /"हमारे जवान, हमारे गौरव/" जैसे प्रेरक संदेश अंकित किए। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने तैयार की गई सभी राखियां कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को सौंपीं, ताकि उन्हें डाक के माध्यम से सीमा पर तैनात जवानों तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में बच्चों के मन में देश और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राखियां शीघ्र ही सैनिकों तक भिजवाई जाएंगी, जिससे उनका उत्साह और मनोबल बढ़ेगा।

# लवन-भाटापारा बायपास की बदहाली से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रिसदा

प्रदेश को सर्वाधिक राजस्व देने वाले जिलों में शामिल बलौदाबाजार अपनी जर्जर सड़कों के कारण गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। खनिज, आबकारी, रजिस्ट्री, लघु वनोपज, जलकर तथा सीमेंट उद्योगों से राज्य सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व मिलने के बावजूद जिले की कई प्रमुख सड़कें बदहाल हैं। ताजा मामला लवन-भाटापारा बायपास मार्ग का है, जहां भारी वाहनों की आवाजाही के लिए निर्मित सड़क लंबे समय से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन करीब 500 से 700 भारी वाहन गुजरते हैं। समय पर

## कलेक्टर के निर्देश ठंडे बस्ते में

### पैचवर्क नहीं होने से बढ़ रही परेशानी

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से सड़क का पैचवर्क नहीं कराया गया है। लगातार भारी वाहनों के आवागमन से सड़क की स्थिति और खराब होती जा रही है। वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका के बीच सफर करना पड़ रहा है।



### कलेक्टर के निर्देश के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

जिले की सड़कों के पैचवर्क कराने के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए थे, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। नतीजतन सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और आए दिन जाम व दुर्घटना जैसी स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन सुगम बनाने की मांग की है।



पैचवर्क और रखरखाव नहीं होने के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इसके चलते आए दिन ट्रक और हाईवा गड्ढों में फंस रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। कई बार वाहनों के पट्टे टूटकर सड़क पर गिर जाते हैं और घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है।

जिम्मेदारी के नाम पर सिर्फ गोलमाल,भूमिपूजन के वर्षों बाद भी निर्माण कार्य ठप

# मातागढ़ तुरतुरिया की संचालन व्यवस्था आज भी स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मातागढ़ तुरतुरिया की संचालन व्यवस्था आज भी स्पष्ट नहीं हो सकी है। वर्षों से यह सवाल बना हुआ है कि इस पवित्र धाम के संचालन की वास्तविक जिम्मेदारी किस संस्था या विभाग के पास है। कभी ट्रस्ट, कभी जनपद पंचायत, कभी ग्राम पंचायत तो कभी स्थानीय समिति के बीच जिम्मेदारी का मामला उलझा नजर आता है। इस अस्पष्ट व्यवस्था का असर मंदिर परिसर के विकास और व्यवस्थाओं पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है।

- दान पेटियों की सुरक्षा और संचालन व्यवस्था पर उठ रहे सवाल




### श्रद्धालुओं को सुविधाओं का अभाव

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्पष्ट संचालन व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, विश्राम स्थल, छायादार स्थान, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का समुचित विकास नहीं हो पाया है। साथ ही सुरक्षा के अभाव में प्रतिदिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है जिसको लेकर आम जनों में भारी रोष व्याप्त है।

### स्थायी और पारदर्शी व्यवस्था की मांग

ग्रामीणों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मातागढ़ तुरतुरिया के संचालन के लिए एक वैधानिक एवं पारदर्शी समिति या प्रबंधन बोर्ड का गठन किया जाए। साथ ही दान पेटी की आय का नियमित ऑडिट, सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि इस महत्वपूर्ण धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल का समुचित विकास हो सके।

### भूमिपूजन के बाद भी विकास कार्य शुरू नहीं

मातागढ़ तुरतुरिया के विकास एवं मंदिर निर्माण के लिए पूर्व में भूमिपूजन किया गया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों बीत जाने के बाद भी प्रस्तावित कार्य धरातल पर दिखाई नहीं देते, जिससे विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल उठ रहे हैं।

### दान पेटियों की सुरक्षा पर सवाल

चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि सहित विभिन्न पर्वों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मन्नते लेकर पूजन के लिए पहुंचते हैं और दान पेटियों में श्रद्धानुसार राशि अर्पित करते हैं। लेकिन चौकाने वाली बात तो यह कि समय-समय पर दान पेटियों से चोरी अथवा दान पेटी गायब होने जैसी घटनाएं भी सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऐसे मामलों में प्रभावी जांच और ठोस कार्रवाई नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

### संचालन विवाद न्यायालय तक पहुंचा

जानकारी के अनुसार संचालन व्यवस्था को लेकर विवाद विभिन्न प्रशासनिक स्तरों से होते हुए न्यायालय तक पहुंच चुका है। विवाद लंबित रहने के कारण विकास कार्य और प्रशासनिक निर्णय प्रभावित हो रहे हैं।

# राज्य पुरस्कार वर्कशॉप में स्काउट-गाइड के 30 विद्यार्थियों ने लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भारत स्काउट एवं गाइड, विकासखंड बलौदाबाजार के तत्वावधान में राज्य पुरस्कार वर्कशॉप का आयोजन 3 एवं 4 अगस्त को शासकीय बुनियादी प्राथमिक शाला, रघुनाथ प्रसाद केसरवानी परिसर में किया गया। जिला बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला में 16 स्काउट एवं 14 गाइड सहित कुल 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

वर्कशॉप में प्रशिक्षक मंडल के सदस्य जिला सचिव जगदीश साहू, विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा, योगेंद्र सोनवानी, नरेंद्र कुमार वर्मा, गंगाराम वर्मा, लहाराम मनहरे, धनेश कुमार वर्मा, भानु शर्मा एवं माधुरी श्रीवास ने प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सोपान की विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही लॉग बुक निर्माण का परीक्षण कर राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान कीं।

कार्यशाला के दूसरे दिन स्थानीय संघ के पूर्व अध्यक्ष नरेश केसरवानी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राज्य पुरस्कार वर्कशॉप के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्काउट-गाइड को अनुशासन, सेवा भावना और कड़ी मेहनत के साथ राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया तथा सभी प्रतिभागियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वचन दिए।

# यातायात जागरूकता के लिए पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

**बलौदाबाजार।** यातायात नियमों के प्रति आम नागरिकों, बच्चों और युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा बुधवार को एकता दिवस-2026 पर यातायात जागरूकता पैदल मार्च का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार साहू के नेतृत्व में आयोजित इस पैदल मार्च में यातायात पुलिस, बलौदाबाजार फिजिकल एकेडमी तथा डांस एकेडमी के युवाओं ने भाग लिया। मार्च कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए गार्डन चौक पहुंचकर संपन्न हुआ। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में यातायात जागरूकता संबंधी पोस्टर और फ्लेक्स लेकर हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने, नशे की



हालत में वाहन नहीं चलाने तथा दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग से बचने का संदेश दिया। सुरक्षा संबंधी नारों के माध्यम से नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

# शिवांशी बनीं केसरवानी समाज की पहली कमर्शियल पायलट

**बलौदाबाजार।** जिले की 21 वर्षीय होनहार शिवांशी केसरवानी ने कमर्शियल पायलट लाइसेंस प्राप्त कर केसरवानी समाज की पहली कमर्शियल पायलट बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, समाज और पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

शिवांशी ने अमेरिका के कैलिफ़ोर्निया राज्य के सैक्रामेंटो स्थित एडवांस एविएशन सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलतापूर्वक कमर्शियल पायलट लाइसेंस अर्जित किया। इसके साथ ही वे अब कैप्टन शिवांशी केसरवानी के नाम से जानी जाएंगी। विदेश में प्रशिक्षण से पहले



उन्होंने मुंबई स्थित एक एविएशन प्रशिक्षण संस्थान में लगभग एक वर्ष तक वेदर, टेकऑफ, लैंडिंग, फ्लाइट सेफ्टी सहित विमानन के विभिन्न तकनीकी विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# शिवरीनारायण की महिमा का वर्णन शब्दों में संभव नहीं : पं. युवराज पांडे

**गिधौरी।** शिवरीनारायण में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा पं. युवराज पांडे ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा के पश्चात यह इस सत्र की उनकी प्रथम श्री शिव महापुराण कथा है और भगवान नर-नारायण तथा भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा से उन्हें पवित्र तीर्थ नगरी शिवरीनारायण में कथा वाचन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रेस वार्ता के दौरान पंडित पांडे ने कहा कि शिवरीनारायण की महिमा का पूर्ण वर्णन कोई भी विद्वान या ज्ञानी नहीं कर सकता। महानदी, शिवनाथ एवं जोंक नदी के पावन त्रिवेणी संगम से सुशोभित यह क्षेत्र अत्यंत दिव्य एवं पुण्यदायी है। शिवरीनारायण और खरौद की इस पावन धरती पर भगवान शबरीनारायण एवं भगवान शिव की विशेष कृपा सदैव बनी रहती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के वनगमन से जुड़ा यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। इस



पुण्यभूमि को नमन करते हुए उन्होंने आयोजनकर्ता केशरवानी परिवार तथा कथा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कथा व्यास ने कहा कि श्रावण मास में त्रिवेणी संगम के पावन तट पर श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन अत्यंत पुण्यदायी है। यह आयोजन श्रद्धालुओं को भगवान शिव की भक्ति, सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का श्रेष्ठ माध्यम है। उल्लेखनीय है कि केशरवानी परिवार के तत्वावधान में 4 से 10 अगस्त तक शिवरीनारायण धाम के त्रिवेणी संगम स्थित महानदी के पावन तट पर सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

# डीएमएफ से 1.05 करोड़ के 14 निर्माण कार्यों की मिली मंजूरी

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की विशेष पहल पर जिले के सिमगा और बलौदाबाजार ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों के लिए जिला खनिज न्यास निधि के अंतर्गत कुल 105 लाख ) रुपये के 14 विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समुचित विकास और जन-सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर माहौल तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्कूलों में अतिरिक्त कमरों, प्रार्थना शेड और बाउंड्रीवाल के निर्माण से जहां विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। वहीं सीसी रोड के निर्माण से ग्रामीणों के आवागमन की राह आसान और सुगम होगी। इस नई स्वीकृति के तहत सिमगा जनपद क्षेत्र के ग्राम उड़ेला में प्राथमिक शाला के 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 10 लाख रुपये तथा भोथाडीह में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 10 लाख मंजूर किए गए हैं। इसके साथ ही सिनोधा, टेकारी और धोबनडीह (बुड़गहन) में 10-10 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा वहीं दूसरी ओर, बलौदाबाजार जनपद क्षेत्र में शिक्षा और अधोसंरचना को बढ़ावा देते हुए भद्रापाली के शासकीय प्राथमिक शाला में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 10 लाख और लिमाही तथा धंवई के प्राथमिक शालाओं में अहाता निर्माण के लिए 5-5 लाख स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त कोकड़ी में 10 लाख तथा कंजीत, खैरवारडीह, ढाबाडीह, ढाबाडीह श्खश और पुरेना में 5-5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्यों की मंजूरी दी गई है। इन सभी निर्माण कार्यों की औपचारिक स्वीकृति 4 अगस्त को जारी कर दी गई है। इन विकास कार्यों के स्वीकृत होने से स्थानीय ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों में खासा उत्साह है, क्योंकि इससे न केवल गांवों का संपर्क बेहतर होगा बल्कि प्राथमिक शिक्षा के ढांचे में भी व्यापक सुधार देखने को मिलेगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी,
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक / 895/ ना. तह. / वाचक / 2026 सण्डी,
दिनांक- 28/07/2026
रा.प्र.क्रं अ/6 (अ) वर्ष 2025-26
आवेदिका- देवंतीन उर्फ राही बाई पिता केजूराम
जाति- कुर्मी, कास्तकारी पत्थरचुवां
प.ह.नं.-39 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदिका देवंतीन उर्फ राहीबाई पिता केजूराम जाति कुर्मी निवासी ग्राम पत्थरचुवां तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पत्थरचुवां प.ह.नं. 39 में स्थित भूमि खसरा नं. 87/3 रकबा 0.567 हे. भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.567 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में संयुक्त खाते के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि मेरे पारिवारिक नाम देवंतीन पिता केजूराम दर्ज हो चुका है, तथा विवाह उपरांत मेरे संपूर्ण दस्तावेज मे मेरा नाम राही बाई दर्ज है। उक्त भूमि पर त्रुटिपुर्ण नाम देवंतीन पिता केजूराम को विलोपित कर वास्तविक नाम देवंतीन उर्फ राहीबाई पिता केजूराम जाति कुर्मी दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1, ऋणपुस्तिका, बी-1 खसरा के छायाप्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है। अतः उक्त आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को यदि किसी प्रकार की कोई दावा आपत्तियां हो तो वे दिनांक 06/08/2026 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है, बाद में की गई दावा आपत्तियां पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही होगी। यह ईश्तहार आज दिनांक 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
सण्डी (पलारी)
जि. बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

# हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालु बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना

**हिरमी रावन।** सावन माह के पावन अवसर पर क्षेत्र से लगभग 400 श्रद्धालुओं का जत्था भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए बाबा बैजनाथ धाम के लिए श्रद्धाभाव के साथ रवाना हुआ। श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। पूरा वातावरण /"हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। यात्रा पर पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णो, प्रणम्य पांडेय, कांग्रेस महामंत्री डिगेश्वर यदु, भुवन वर्मा, मोहरा सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, गिरधारी वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शिवभक्त उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर उनकी





सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। यात्रा के दौरान अनुशासन, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा तथा सभी के सुख-शांति की प्रार्थना करने की बात कही। यात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में भी विशेष उत्साह और धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# टेक फेस्ट-2026 में छात्रों ने दिखाया तकनीकी हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, हिरमी के साइबर क्लब एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्विद्यालयी टेक फेस्ट–2026 का आयोजन किया गया। इसमें एबीपीएस रावन, एबीपीएस बैकुंठ, अंबुजा विद्यापीठ, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा एवं एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल रायपुर सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

महोत्सव में हैकाथॉन, स्क्रैच गेम निर्माण तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। हैकाथॉन में एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल रायपुर प्रथम, एबीपीएस रावन द्वितीय तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा तृतीय रहा। स्क्रैच गेम निर्माण में भी एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एबीपीएस रावन द्वितीय एवं दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा तृतीय रहा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रश्नोत्तरी में अंबुजा विद्यापीठ प्रथम, एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल द्वितीय तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा तृतीय रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अल्ट्राटेक सीमेंट, हिरमी सीमेंट वर्क्स के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं आदित्य वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य रवि सिंह परमार ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं समाजोपयोगी तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में एबीपीएस बैकुंठ की प्राचार्या संगीता क्रिस्टोफर एवं एबीपीएस रावन की प्राचार्या शिम्पी सिंह उपस्थित रहीं। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।





## खबर संक्षेप

### पप्पू बने भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**सिमगा।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (महासंघ) इंटक के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं समाजसेवी पप्पू हासम अली को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद श्रमिकों एवं संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पप्पू हासम अली लंबे समय से श्रमिकों, असंगठित कामगारों तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं। उन्होंने मजदूरों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, उचित वेतन, श्रमिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लगातार आवाज उठाई है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पप्पू अली के अनुभव, संगठनात्मक क्षमता एवं श्रमिक हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा देशभर के मजदूरों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने में सहायता मिलेगी। इस नियुक्ति पर अली ने संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा श्रमिकों और असंगठित कामगारों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे।

### आंबा परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया



**खरोरा।** ग्राम नहरडीह के आँगनबाड़ी परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में बरसात के आगमन और पानी के फुबारों के साथ नीम, पीपल, बरगद, नींबू, बेल के अनेक प्रकार के पेड़ लगाया गया और उसे सुरक्षित रखने का भी संकल्प लिया गया। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता सरोज साहू, सहायिका पूजा साहू, स्कूल समिति अध्यक्ष पुनाराम मारकंडे, रोजगार सहायक रामस्वरूप साहू, जसवंत साहू, प्रीति साहू, तिलक यादव, राजेश्वरी यादव,गोविन्द साहू, रोशनी साहू, दीपक ओगरे, पदमा ओगरे, गोविन्द मानिकपुरी, रियांश साहू और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### राष्ट्र संत मुनि चिन्मय सागर महाराज का जन्म दिवस आज



**भाटापारा।** विद्यासागर महाराज के शिष्य चिन्मय सागर महाराज का 65वां जन्म दिवस 6 अगस्त को धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में प्रात 7.30 बजे भगवान का मंगल अभिषेक, शांति धारा, आरती के पश्चात चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा के मूल चरण का मंगल अभिषेक जल, दूध,हल्दी, चंदन, केसर के माध्यम से 8.30 बजे से संपन्न होगा। अभिषेक के पश्चात महाराज श्री के चरणों में रत्न वृष्टि एवं पुष्प वृष्टि संपन्न होगी। जंगल वाले बाबा की मंगल आरती संपन्न होगी। सुबह 11 बजे अस्पताल में फल वितरण सुबह 11.30 बजे चिन्मय सागर विद्या निकेतन बोरतरा में पौधारोपण होगा। शाम 4 बजे रेलवे स्टेशन के पास पूरी सब्जी पुलाव का वितरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## निधन

### रामधन वर्मा



**मुंडा।** ग्राम कोलिहा निवासी 90 वर्ष रामधन वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। वे ललित वर्मा, सूरित वर्मा, अमित वर्मा के पिताजी व रामचंद सुखचंद, देवचंद, अंशु, गोलू, लकी वर्मा के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के बड़े तालाब पार में किया गया। अंतिम संस्कार में सजातीय जन व गांव के लोग भारी संख्या में सम्मिलित रहे।

## समूह की महिलाओं और किसानों ने सीखी साइबर सुरक्षा

# जिला फाइनेंस लैब से आर्थिक साक्षरता की ओर बढ़ रहा बलौदाबाजार-भाटापारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- सुरक्षित निवेश और डिजिटल वित्तीय प्रबंधन की बारीकियां

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित जिला फाइनेंस लैब जिले में आर्थिक एवं वित्तीय साक्षरता का प्रभावी माध्यम बन रही है। विभिन्न वर्गों के लोगों को वित्तीय विषयों की व्यावहारिक जानकारी देकर उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। बुधवार को पलारी विकासखंड के 60 विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, किसानों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला फाइनेंस लैब का भ्रमण किया। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को साइबर सुरक्षा, डिजिटल फ्रॉड एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव, शेयर मार्केट में सुरक्षित निवेश के मूल सिद्धांत, तथा ट्रेडिंग की प्रारंभिक जानकारी सरल और व्यवहारिक तरीके से दी गई। साथ ही डिजिटल वित्तीय लेन-देन में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। जिले में अर्थशाला के माध्यम से प्रत्येक दिन अलग-अलग वर्गों के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को कक्षा 11वीं एवं 12वीं के स्कूली विद्यार्थियों, मंगलवार को महिला स्व-सहायता समूहों, बुधवार को किसानों तथा गुरुवार को महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन, निवेश, साइबर सुरक्षा और डिजिटल वित्तीय साक्षरता से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

जिला प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय रूप से जागरूक बनाना, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना तथा निवेश और वित्तीय निर्णयों के प्रति सही जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मविश्वासी बन सकें।





# नेशनल हाईवे पर मवेशी का जमवाड़ा, आए दिन बढ़ी रही दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

नेशनल हाईवे रोड पनगांव बाईपास से डोंगरीडीह रोड पर मवेशी शाम रात्रि के समय समूह में जगह-जगह खड़े रहते हैं। गांव-गांव में प्रतिबंध लगाया गया है, फिर भी लापरवाहीपूर्वक लोग अपने निजी पालतू मवेशी को छोड़ रहे हैं। मवेशी दिनभर खेतों में जाकर किसानों का धान फसल को नुकसान पहुंच रहे हैं। शाम होते ही रोड किनारे सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं। नेशनल हाईवे रोड होने के चलते बड़े-बड़े गाड़ियां की आवागमन भारी मात्रा में चलता रहता है। वहीं मोटरसाइकिल में आने-जाने वालों के लिए मुसीबत का सबक बनी है। यह दुर्घटना व फसल नुकसान को देखते हुए मुंडा के आसपास के गांव के लोगों ने कलेक्टर से अनुरोध किया है किसी मेन रोड किनारे गांव में शासन के योजना अनुसार गौधाम बनाया जाए ताकि हो रहे हादसे और धान की फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

# करही बाजार पंचायत में 400 छायादार पौधों का रोपण



**करहीबाजार।** ग्राम पंचायत करही बाजार में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से व्यापक पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रमुखों द्वारा 400 छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ग्रामीणों से भी लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई।

इस पौधारोपण अभियान से ग्राम को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कमला अरुण निषाद, उपसरपंच अशोक पटेल, जनपद प्रतिनिधि राजेश पटेल,पंच कृष्णा दास मानिकपुरी, सतीश पाल, रामकुमार पटेल, गिरधारी पटेल, जनता पटेल, मनीराम बंजारे, नरोत्तम निषाद, चित्रलेखा देवांगन, मुन्नी बाई चक्रधारी, सियाराम चक्रधारी, रामप्रसाद पटेल, पवन पटेल, अमरनाथ निषाद, पुरुषोत्तम निषाद, गोलू यादव, छेदी राम पटेल, रवि शंकर साहू, रुक्मणी पाल, तेजराम यादव, मीडिया प्रभारी मूलशंकर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधारोपण और विश्व स्तनपान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से खरोरा नगर के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 15 एवं 01 में पौधारोपण कार्यक्रम एवं वार्ड क्रमांक 14 आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 15 में विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नींबू, सीताफल, जामुन, गुलमोहर, आम एवं आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर माताओं को शिशुओं के समुचित पोषण, जन्म के तुरंत बाद स्तनपान प्रारंभ करने तथा पहले छह माह तक केवल स्तनपान कराने के महत्व की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर राधा साहू, टिकेवरी वर्मा, कुसुम शर्मा, चमेली देवांगन, चांदनी साहू, मेघा साहू, प्रीति साहू, माधुरी यादव, गोविंद यादव, यशवंत वर्मा, सुशीला वर्मा, राधिका यादव, करुणा गौतम, पुष्पलता वर्मा एवं गीता वर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।





# जनदर्शन में दिव्यांग नूतन को मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर कुलदीप शर्मा की संवेदनशील पहल से मिली राहत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की सुशासन और जनसेवा की सोच को जिले में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिले में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम बड़े जरौद भाटापारा निवासी दिव्यांग नूतन कुमार यदु ने जनदर्शन में पहुंचकर आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। त्वरित पहल करते हुए नूतन कुमार यदु को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। नूतन कुमार यदु ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही अपने गांव में किराना दुकान शुरू की है। दिव्यांगता के कारण दुकान तक आने-जाने और दैनिक कार्यों में काफी परेशानी होती थी। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से अब उनका आवागमन आसान हो गया है और वे अपने व्यवसाय का संचालन अधिक सुविधा से कर सकेंगे। नूतन कुमार यदु ने इस त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनदर्शन जैसे जनहितकारी कार्यक्रम से जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा है। जिले में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम सुशासन की प्रभावी पहल के रूप में उभर रहा है, जहां नागरिकों की छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण आवश्यकताओं का समयबद्ध निराकरण कर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है।



## मानव श्रृंखला बनाकर दिया रक्षाबंधन का संदेश

# सैनिक भाइयों के नाम विद्यार्थियों ने बनाई हस्तनिर्मित राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बलौदाबाजार द्वारा संचालित एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल चरौदा के विद्यार्थियों, स्काउट्स-गाइड्स तथा आईपीएस अंकित शर्मा ओपन रेंजर टीम की रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक हस्तनिर्मित राखियों का निर्माण किया। यह अभियान राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा, राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी के. एस. मरावी तथा जिला मुख्य स्काउट डॉ. अजय राव के निर्देशन में आयोजित किया गया।

जिला संगठन आयुक्त (गाइड) नेहा उपाध्याय के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने रेशम के धागे, मोती और ऊन का उपयोग कर आकर्षक राखियां तैयार कीं। इस कार्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका ममता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और सैनिक भाइयों के लिए सुंदर हस्तनिर्मित राखियां तैयार कीं। कार्यक्रम के दौरान स्काउट्स, गाइड्स और रेंजर्स ने देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए स्नेहभरे पत्र भी लिखे। पत्रों में सैनिकों एवं उनके परिवारों की सुख-समृद्धि और कुशलता की कामना की गई तथा उनके त्याग, साहस और राष्ट्रसेवा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। रक्षाबंधन पर्व के संदेश को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर राखी की आकर्षक आकृति तैयार की तथा सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए भाईचारे, प्रेम और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, स्काउट्स, गाइड्स, रेंजर्स एवं शिक्षिकाओं ने कहा कि देश की रक्षा में दिन-रात बिना थके और बिना रुके सेवा देने वाले सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है। अभियान ने विद्यार्थियों में देशभक्ति, सेवा भावना और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया।



